वास्तविकता यह है कि हर अभ्यास, पद्धति; हिदायत आदि का एक उद्देश्य होता है, जिसको पूर्ति ही उसका सहीपन और सार्थकता होती है । आदि उद्देश्य-परायणता नष्ट हो जाती है, तो अभ्यास, पद्धति आदि का श्रद्धापूर्वक अनुसरण रूढ़ लकीर का फकीर होना मात्र रह जाता है, बल्कि खतरनाक हो जाता है । इसीलिए सच्चे गुरु के वास्तविक निर्देशन की आवश्यकता क्षण-क्षण और कदम कदम पर रहती है । इसका मतलब यह नही कि चार हजार या उस लाख शिष्य स्थूल शारीरिक स्तर पर गुरू से सवाल-जबाब करने लगें । मानवीय सम्बन्धों में एक चीज रब्त (Rappart), हम आहंगी, लय अवस्था आदि नामों से जानी जाती है, जिसमें भौतिक सीमाएं समाप्त होती जाती हैं, और त्रुटिहीन निर्देशन अथवा अमुखर अनुमोदन का आश्वासन सुस्थापित हो जाता हैं । इसकी श्रेष्ठतम मिसाल हमारे बीच श्री बाबूजी मौजूद हैं, जो पतञ्जलि और बुद्ध द्वारा स्थापित पद्धतियों में बही परिवर्द्धन कर देते हैं, जो आज यदि वे लोग मौजूद होते, तो स्वयं ही करते । जो परिवर्द्धन (modification) मूल उद्देश्य का खण्डन करता है, वह अनुचित, बलिक खतरनाक है. जो मूल उद्देश्य की पूर्ति करता है, वह वर्णीय, बलिक श्लाघ्य है । "सफाई" की बात को हो लिया जाये । यह कहना अनुचित बल्कि खतरनाक है कि प्राणाहुति (Transmission) के द्वारा सफाई (cleaning) अपने आप हो जातीं है । सफाई की व्यक्तिगत प्रक्रिया को अभ्यासियों द्वारा एक साथ बैठकर सामूहिक रूप से किया जाना अनुचित और हानिकारक है । इसी तरह अगर कोई घण्टों यह ध्यान करता रहता है कि सफाई की प्रक्रिया चल रही है, और ठोसत कालिमा आदि उसके शरीर [system] से निकल रही है, और इस ध्यान के मजे में डूब जाता है, और यह ख्याल नहीं करता कि बह पूरी तरह साफ हो गया और अब सफाई की प्रक्रिया पूरी हो गई, तो सफाई के ध्यान का उद्देश्य हीं विफल हो जायेगा और परिणाम उल्टा होगा, हालाकि इस से

अभ्यासी के अतिरिक्त अन्य किसी को हानि नहीं पहुँचेगी। संवेदनशील प्रशिक्षक या समर्थ सद्गुरू को काफ्त अवश्य हो सकती है कि शिक्षार्थी शिक्षा ठीक से ग्रहण नहीं कर रहा है। कोई सद्गुरू से आकर कहता है कि सहज-मार्ग-साधना-पद्धति में निर्धारित प्रार्थना पर इच्छाओं को उन्नति में बाधक कहा जाता है, जब कि आर्य समाज आदि में सदिच्छाओं को उन्नति में सहायक माना जाता है। गुरू के पास यदि समय है, तो सहज मार्ग की प्रार्थना का औचित्य समझा दें, किन्तु यदि वे किसी अन्य आवश्यक काम में लगे हुए हैं, तो यह कह सकते हैं कि जो कुछ जिस तरह बनाया गया है या निर्धारित किया गया है, उसे वैसा ही कीजिए, वर्ना ब्रह्म समाज में ही चले जाइये। "अब यह साधक कहीं श्रद्धा विभोर होकर इस तरह सोचने या कहने लगे" गुरू जी ने सूर्योदय के पहले पूजाघर में शीशम की चौकी पर पूरब की ओर मुंह करके एक एक घन्टा हृदय पर ध्यान लगाने को कहा है या लिखा है, यह शख्स दिन के नौ बजे बरामदे में मूंज की खाट पर पश्चिमाभिमुख होकर दस मिनट नितान्त शून्य विचार हीन मनः स्थिति की बात कैसे करता है। यदि अब यह तरीका ठीक है, या अगर यह भी एक तरीका मुख्य तरीके के समान स्वीकृत हैं, तो इस की घोषणा की जानी चाहिए। ऐसे सच्चे (sincere) साधक को परिपक्व कहना पड़ेगा, जिसका अर्थ निन्दापरक नहीं, मात्र तथ्यपरक है, भले ही [अपरिपक्व] शब्द आम भाषा में निन्दापरक बन गया हो। स्नान का जो उद्देश्य है, वह यदि पूरा होता है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि नदी में तो बाढ़ या कुंए से पानी खींचकर दस बाल्टी से, या बाथ रूम में शावर के नीचे पाँच मिनट स्नान किया जाये। कोई बात पहली बार किसी अकेले को या एक समूह के सामने किस रूप में बताई गई, और आगे चलकर सामान्य रूप में कब और कैसे लागू की गई-यह ऐतिहासिक रिसर्च की दृष्टि से अवश्य महत्वपूर्ण है, किन्तु व्यावहारिक अभ्यास की दृष्टि से इसका विशेष लाभ नही। उदाहरणार्थ जो सफाई की पद्धति छपे पर्चे में दी गई है, उसका आप रूप एक साधक को श्री बाबूजी द्वारा लिखे गये एक पत्र से नीचे उद्धृत है।

"एक आसन से बैठकर जैसा कि कायदा है, आप यह खयाल बाँधे कि कुल स्याही या darkness पीछे की तरफ से धुएं की शक्ल में निकल रही, और अन्दरूनी congestion दूर हो रहा है। इतना अगर और शामिल कर सकें कि सियाही निकल रही है, और सामने से ईश्वर नामि धारा [Spiritual wave] दाखिल हो रही है।

अगर underlined खयाल आप न बाँध सके तो रहने दीजियेगा मैंने इसलिए लिख कि यह तीनों काम व बजह कमजोरी दिमाग शायद आप न कर सकें।"

अब मुमकिन है, यह कहा जाये कि श्री बाबूजी के यह सब पत्र जिनका उल्लेख इस "स्पष्टीकरण" में किया जा रहा है, प्रकाशित क्यों नहीं किये गये। यह ठीक है कि श्री बाबूजी का प्रकाशित साहित्य उनके द्वारा सृजित साहित्य का लगभग २० प्रतिशत मात्र है। यह २० प्रतिशत भी धीरे धीरे प्रकाशित हुआ है, और यह सर्वथा सम्भव है कि उनका सारा साहित्य कभी प्रकाशित न हो सके। किन्तु इसकी क्या गारण्टी है कि बाकी ८० प्रतिशत साहित्य से परिचित हो जाने वाला व्यक्ति उस तरह के तर्क-वितर्क और सवाल-जवाब से ऊपर उठ पायेगा, जो इस स्पष्टीकरण का आरम्भ-बिन्दु बने हैं। श्री बाबूजी का सम्पूर्ण सृजित साहित्य उसका करोड़वा भाग भी नही हो सकता, जो उनकी शिक्षा और उनकी हस्ती का सार तत्व है, और उसकी प्राप्ति के लिए एक सेकेण्ड का करोड़वा भागभी बहुत अधिक है। और करोड़ों जन्म भी बहुत कम है यह शायरी नहीं, सच्चाई है। उनकी असली शिक्षा तो उससमय चलती है, जब यह बिल्कुल मौन वल्कि सोये होते है, और उनका शिष्य भी उनके पास (भौतिक रूप में नहीं) स्वप्न-रहित निद्रा में निमग्न होता है। क्या यह कभी पत्रिका में, या पुस्तक रूप में प्रकाशित हो सकना सम्भव है? यह तो अनादि-अनन्त "सत्य" या "सत्" है, जो इन शब्दों से कहीं ज्यादा हल्का है, जिससे सम्पृक्त होकर याज्ञवल्क्य, बुद्ध, कबीर, स्वामी विवेकानन्द आदि कितने जाने-अनजाने लोग उस शाश्वत-चिरन्तन संस्कृति को प्रतिष्ठित कर गये है, जो उन प्रकाशित पुस्तकों की मुहताज नहीं, जिन्हें बख्तियार खिल्जी ने नालन्द और विक्रमशिला विश्वविद्यालयों में जला दिया था। यह सब तो, खैर, फिर भी सुनी सुनाई बात है। हमारे बीच श्री बाबूजी की मिसाल

है, जिन्होंने किसी पुस्तक से मतलब रखे बिना, यहाँ तक कि अपने समर्थ सद्गुरू द्वारा सृजित विशाल साहित्य से लगभग अछूते रहकर, वह शंका रहित ज्ञान पा लिया, जिससे सारी शंकाओं का समाधान करने वाला ज्ञान प्रस्फुटित होता है । वह "सहज" स्थिति सबमें मोह और अहंता के जाने कितने आवर्तो में ढकी-लिपटी सोई पड़ी है, जिसको हल्की नंगी जागृत हालत में लाने के लिए उनके द्वारा "सहज मार्ग" साधना पद्धति का आविष्कार और प्रतिष्ठापन हुआ है । उनकी अहेतुकी शाश्वत कृपाधारा उनसे सम्पृक्त सभी प्राणियों में उसका सम्यक् समुदय सम्पन्न करे । आमीन !

स्पष्टीकरण लम्बा हो गया है । बात से बात निकलती आती है, और अभी कितने ही प्रश्न और उत्तर पैदा हो सकते हैं, या पैदा किये जा सकते हैं । बात एक वाक्य में भी खत्म की जा सकती थी कि अभ्यासी को अभ्यास करना चाहिए, जो बताया गया हो (छपे पर्चे द्वारा या जबानी) और किसी लेख या किताब मात्र से निर्देशित न होना चाहिए । प्रिसेप्टरों पर यह बात और भी अधिक लागू होती है, क्योंकि उन पर दूसरे अभ्यासियों का निर्देशन करने की जिम्मेदारी भी है । लम्बे स्पष्टीकरण का उद्देश्य प्रश्नों और शंकाओं को दबाना नहीं, बल्कि प्रोत्साहित करना है । हाँ यह जरूर है कि प्रश्न और शंकाएं लाभदायक तभी होते हैं, जब वे समझने और सीखने के इरादे से उठाये जायें, न कि गुस्से के साथ सिखाने और सुधारने के लहजे (Tone) में इरादा सुधारने और सिखाने का भी अपने आप में बुरा या अनुचित नहीं है । पर उसकी आवश्यकता आ पड़ने पर भी सहज भाव बनाये रखना अपनी ही आध्यात्मिक प्रगति में सहायक होता है । सही भाव से सहज रूप में उठायी जाने वाली सहज शंकाओं के समाधान पत्रिका के स्तर को उठाने में भी सहायक हो सकते हैं । अतः केवल भावनाएं व्यक्त करने वाले या ठेठ तरह से केवल तारीफ करने वाले लेखों और कविताओं की अपेक्षा प्रश्न-प्रति प्रश्नात्मक और व्याख्या-स्पष्टीकरण-परक लेखों का हार्दिक स्वागत है ।

सम्पादक मण्डल

# गृहस्त-जीवन और अध्यात्मिकता

[ श्री मती सुधा रेवनकर, उदयपुर-राजस्थान ]

परमार्थ, गीता, ध्यान, ईश्वरचिन्तन आदि संन्यासियों के लिए ही है अथवा वानप्रस्थाश्रमी बनने के बाद ही इस विषय पर ध्यान देना जरूरी है-ऐसी एक भ्रामक धारणा लोगों के मन में है ।

तरुणावस्था में किसी अध्यात्मविषयक ग्रंथ का पठन या अध्यात्म में रूचि रखना भी उचित नहीं समझा जाता है कि कहीं तरूणावस्था में संन्यास न ले लें । अक्सर कहा जाता है मैं कोई साधू नहीं हूँ- जैसे साधू कोई एक अलग प्राणी हो । उनके आचार विचार अलग उनके सिद्धान्त अलग-साधारण गृहस्थ से वह नितांत अलग । इसी कल्पना के कारण समाज में परमार्थ साधन केवल संन्यासियों के लिए ही है यह धारणा विद्यमान है ।

लेकिन यह धारणा असंगत है । गीता में मोह के कारण अपने क्षात्र धर्म से विमुख होकर भिक्षा के अन्न से निर्वाह करने के लिए तैयार हुए अर्जुन व भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश से कर्म में प्रवृत्त होकर आजीवन ग्रहस्थ-धर्म का पालन करते हुए विराट के दर्शन किए थे ।

"योगस्थ: कुरू कर्माणि सङ्गत्यक्त्वा धनंजय" अर्थात हे धनंजय आसक्ति को त्याग कर तथा सुखदु:खेषु अनुद्विग्रमन: होकर ग्रहस्थ धर्म का पालन करते हुए भी परमार्थ की साधना कर सकते हो । यह गीता का उपदेश है ।

हमारे सहजमार्ग में आशा की यह किरण ग्रहस्थों के लिए प्रस्फुरित हुई है-

गुरूदेव पू० बाबूजी महाराज ने Voice Real में लिखा है- God realisation is not at all a difficult task provided one diverts his attention to it in the real sense with faith and confidence. It can be very easily accomplished if one attends to the due discharge of one's pworldly duties taking every thing in the sense of God's Command."

ईश्वर प्राप्ति की लगन तडप, व्याकुलता, होनी चाहिय। गीता में कहा है-

"उद्धरेदात्मनात्मानं नात्यनमवसादयेत् ।"

विवेक और वैराग्य की भावना ग्रहस्थाश्रमी के मन में रह सकती है। घर-ग्रहस्थी में रह कर भी मन से वह सन्यासी बना रह सकता है परन्तु साधु वेष धारण करके माला पहन कर केवल दिखावा करने वाला जंगल में जाकर भी वहां ग्रहस्थी जमा सकता है। सत्य का उदय' में पू० बाबूजी ने कितना सार्थक लिखा है-

"हमारा घर सहनशीलता और धैर्य का प्रशिक्षण स्थल है। ग्रहस्थ-जीवन के कष्टों का शान्तिपूर्वक सहन करना ही हमारे लिए महातप है। जो अन्य सभी प्रकार के तपों से श्रेष्ट है। कुछ लोगों के लिए जंगल का एकाकी जीवन तथा समग्र साँसारिक वस्तुओं से तटस्थता, सहनशीलता एवं धर्म पैदा करने का साधन हो सकता है। परन्तु हमारे लिए तो मित्रों और सम्बन्धियों की झिड़कियाँ और ताने सबसे बड़ी तपस्या तथा सफलता की असंदिग्ध कुंजी है"।

"Undue-attachment' अनावश्यक लगाव समस्त बुराईयों की जड़ है। वैराग्य का अर्थ है अनाशक्ति न कि त्याग। ग्रहस्थ-धर्म को निवाहते हुए ही मनुष्य यह सोचकर कि साँसारिक कर्म ईश्वर प्रदत्त कार्यो के सम्पादन के निमित्त मालिक द्वारा दी गयी पवित्र थाती के समान है तो वह कर्म बन्धनो से मुक्त होकर पूर्णता की उच्चदशा प्राप्त कर सकता है।



गीता में यही बात कही गई है--

"तदर्थं कर्म कौन्तेय मुक्तसङ्गः समाचर"

अर्थात हे अर्जुन ! आसक्ति ( Undue-attachment ) को छोड़कर उस परमेश्वर के बिभिन्न कर्म का भली प्रकार आचरण कर।

अत: ग्रहस्थी और आध्यात्मिकता परस्पर विरोधी नही बल्कि पूरक है। हमारे गुरूदेव पू० बाबूजी महाराज तथा पूज्य लालाजी महाराज इसके ज्वलन्त प्रमाण हैं। हमारा सहज-मार्ग यही सिखाता है।

******
******

In the service of the Divine Master

For your requirements of insurance and investment needs please contact:-

**Shri S. Viswanathan**
55, West Cooum Street
Chintadripet,
Madras-600 002

# सहज-मार्ग में अभ्यासी

"Opening yourself to reality is love" श्री बाबूजी महाराज का यह कथन वास्तविक अभ्यासी की दशा का अनुपम संकेत है। सत्य भी यही है कि जब तक साधक का हृदय साध्य के समक्ष पूर्णतया: आवरण हीन होकर बिखर नहीं जाता है तब तक यही समझना चाहिए कि अब तक हम अभ्यासी बनने का ही अभ्यास कर रहे हैं। मिशन की प्रार्थना अभ्यासी के यथार्थ रूप का द्योतक है। ईश्वर प्राप्ति का लक्ष्य जी से लगाये हुए खोज में तन्मय हुआ अभ्यासी की अन्तर्दृष्टि टकटकी लगाये रहती है यानी मिशन की प्रार्थना की प्रथम पंक्ति "हे नाथ तू ही मनुष्य जीवन का ध्येय है" को अभ्यासी हृदय में सहज स्वत: ही अनुभव करने लगता है। अर्थात प्रार्थना की द्वितीय पंक्ति " हमारी इच्छायें हमारी उन्निति में बाधक हैं" ये समाप्त हो जाती हैं। ध्यान में मग्न हुए अभ्यासी के हृदय में अन्य कोई चाह उठती ही नहीं है। ईश्वर प्राप्ति की ललक उसमें सार्थक रूप से सजग हो उठती है। अब तनिक और सूक्ष्म दशा में अभ्यासी का प्रवेश हो जाता है। अपने इष्ट लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एकाग्र हुआ अभ्यासी का मन उसके ही मनन में मग्न रहने लगता है प्रार्थना की तृतीय पंक्ति " तू ही हमारा एकमात्र स्वामी और इष्ट है" साधना का सार बन कर तब अभ्यासी के मन में समा जाती है। प्राणाहुति में डूबे अनजाने ही प्रिय को पुकारते हुए अभ्यासी के प्राण कब वह मिलेगा ऐसी ही प्रतीक्षा में रत हुए जब स्वयं का भी विस्मरण कर बैठते हैं तब प्रार्थना की चौथी पंक्ति पूर्ण समर्पण की दशा के रूप में उसके अन्तर में इस तरह पिपासी हो उठती है कि 'बिना तेरी सहायता तेरी प्राप्ति असम्भव है" अभ्यासी स्वयं प्रार्थी रूप बन कर उसके समक्ष ठगा सा खड़ा रह जाता है। अब अभ्यासी प्रार्थी के रूप में देने वाले के समक्ष प्रार्थना भी भूल जाता है। श्री बाबूजी महाराज ने एक पत्र में लिखा था कि भिखारी ( अभ्यासी ) ऐसा हो कि प्याला

(हृदय) सामने है लेकिन माँगने का होश नहीं है । जब हमारा होश भी उसके समर्पित हो जाता है तब देने वाले के अन्दर हमारी सुधि उमड़ आती है तब दरियादिल मालिक को अभ्यासी का लक्ष्य पूर्ण करने में देर नहीं लगती । देर लगे भी कैसे, मात्र तीन लाइनों की ही तो दूरी है । उन्हें पूर्ण करने में अभ्यासी कितना भी समय ले लें । समय की खूबी तो यह है कि लंगड़ा कर चलने वाले भी आज सद्गुरू की बाँह का सहारा मिल जाने से मंजिल तक का दावा कर रहे हैं । साधन केवल एक ही है कि सदगुरू की सुधि में डूबे रहना ही हमें बे सुध बना देती है । अभ्यासी को बेसुधी ( self ) को भूल जाना ही उसको रिझाने का माध्यम बन जाती है उसकी रीझ (खुशी) में हमें क्षणिक भी हमारी सुधि आने पर खीझ का कारण बन कर पुनः उसमें ही मिल जाने को मजबूर कर देती है । जब हृदय में उसकी चाह पैठ जाती है तो फिर पावना ही पावना का मैदान समक्ष में व्याप्त हो जाता है । अब अभ्यासी वैसा ही हो जाता है जैसा उसे होना चाहिए । तब सद्गुरू समक्ष ठगे से खड़े प्रेम में विस्मृत हुए अभ्यासी को सर्वोत्तम स्वरूप में संवार कर दिव्यता से सजा कर दर्शन के लिए तैयार कर देता है । अभ्यासी का जीवन धन्य हो जाता है । तभी बाबूजी महाराज का ये वाक्य 'Opening yourself to reality is love'' अभ्यासी के हृदय में वास्तविक प्रेम की दशा के रूप में निखर उठता है ।

आज एक प्रश्न बहुमुखी होकर सम्मुख आता हैं कि ईश्वर प्राप्ति की आवश्यकता ही क्या है ? उत्तर केवल यही हो सकता है कि चारो और छाया हुआ अशान्तिमय और परस्पर विरोधी वातावरण हमें यह संकेत दे रहा है कि मानव अपने मूल लक्ष्य से पृथक हो गया है । इतना ही नहीं विलग हुये जमाना व्यतीत हो गया है । समय की दूरी ने विचारों में परिवर्तन, विचार परिवर्तन से जीवन का परम उद्देश्य है और जीवन के परम उद्देश्य के ओझल हो जाने से रहनी सभी कुछ परिवर्तित हो गया है। रहनी ऐसी हो गयी है जो नहीं होना चाहिए था । विपरीत रहनी ने मानव मन की शान्ति एवं उद्देश्य को खो दिया है । परिणामतः आज स्थिति ऐसी हो गयी है



जैसा बिना पंख का पक्षी ऊपर उड़ने की चाह उभरी भी तो पाँख न होने के कारण धरती पर ही बिखर गये । फड़फड़ाहट (अशान्ति) बढ़ने लगी, खोज की आदत जो हमें मूल से विरासत में मिली हुई थी उसने जोर मारा तो विचारों के परिवर्तन ने उस खोज को भौतिकता की ओर मोड़ दे दिया और उसके ही ताने बाने में हम उलझते ही चले गये श्री बाबू जी के कथनानुसार "मानव की हस्ती गिलाफ दर गिलाफ हो गयी' हमारी असलियत हमसे ही छिप गई ईश्वर की बनाई दुनिया में रहने के बजाय हम अपनी ही बनाई दुनिया में रहने लगे। घर अर्थात् केन्द्र से पृथक हो जाने के कारण हम पृथक व्यक्तित्व में ही जीने के लिए विवश हो गये आपस में अनुपम सौहृद स्नेह को विस्मृत कर एक दूसरे से उलझने लगे और श्री बाबूजी महाराज के कथनानुसार हम वहीं करने को मजबूर हो गये जो हमारा मन कहने लगा । इसी कारण आज पुनः ऐसे अभ्यास की आवश्यकता हुई जिसके द्वारा हम शाश्वत, शान्तिमय, पावन आदि मनः स्थिति को पुनः पा जायें । आज ऐसे शिक्षक की आवश्यकता है जो मानव के अन्तर में दिव्य प्राणाहूति का प्रवाह दे कर अपनी अमोघ इच्छाशक्ति द्वारा विचारों की संकीर्णता को दूर करके हृदय को ईश्वरीय प्रकाश से प्रकाशित कर दे। सहज मार्ग साधना के अन्तर्गत श्री बाबूजी महाराज ने मानवमन को ऐसे ही अभ्यास की दिशा प्रदान की है हृदय में Divine light का विचार ले कर डूबे रहने के अभ्यास से हृदय, मस्तिष्क और कुल सिस्टम में उस प्रकाश का फैलाव होने लगता है। अंधेरे से हम पुनः प्रकाश (दिव्यता) की ओर उन्मुख होने लगते है। दिव्यता का प्रसारण पाने से संकीर्णता रूपी कीचड़ साफ हो जाता है । उधर श्री बाबूजी महाराज द्वारा सतत प्राणाहूति का प्रभाव पा कर मानव मनस में सोई हुई दिव्य चेतन शक्ति जाग्रति अवस्था में आ जाती हैं । फल स्वरूप मन में ईश्वर प्राप्ति की इच्छा तीव्र गति से तड़प उठती है । इच्छा से लगाव, और लगाव से लक्ष्य में स्थायित्व और स्थायित्व की दृढ़ता प्राप्त हो जाने पर सद्गुरू से भोग पाया हुए मन सहज ही प्रिय से चिपके रहने का अभ्यासी हो जाता है । क्रमशः इस दशा में भी परिपक्वता आने लगती है । बहिर्मुख से अन्तर्मुख हुआ मन अनजाने ही मानो लक्ष्य को पहचानने

लगता है। भौतिक इच्छाओं व आकांक्षाओं का उठना समाप्त हो जाता है। आवश्यकता पड़ने पर वैसा ही काम हो जाता है। बरन् अभ्यासी उसमें उलझ नहीं पाता है। क्रमश: सहज साम्यावस्था का फैलाव कण-कण में व्यापने लगता है।

आध्यात्मिक क्षेत्र में अभ्यास का अर्थ स्वयं में अपन पूर्ण परिभाषा है। अभि+आस अर्थात् जिस क्रिया द्वारा हृदय में ईश्वर की प्रतीति उभरने लगे वही साँचा अभ्यास है। अभ्यास के भी भेद होते हैं। निरन्तर कुछ करते रहने के लिए ही जो पूजा की जाती है उसे क्रियारत कहते हैं। ऐसा अभ्यास अभ्यासी की आदत बन जाता है; एवं उसका लगाव लक्ष्य के बजाय साधना से हो जाता है "दूसरा अभ्यास जिज्ञासु का होता है जो लक्ष्यरत होता है। वह अभ्यास द्वारा अन्तर में लक्ष्य की सामीपता परमानन्दमय अनुभव पाता है। ईश्वरीय-सामीपता का सेंक अन्तर में व्याप्त हुई स्थूलता एवम् आवरण को पिघला कर बाहर निकाल देता है। फिर दिव्यता से संवारकर उसे ईश्वर प्राप्ति के लिये तैयार करता है। अर्थात् एक में तो एक आदत योग पाती है और दूसरे में अभ्यास में से अभ्यासी भी घट जाता है। स्वयं के होने की प्रतीति समाप्त होकर ईश्वर से योग पाता हुआ एक दिन योगी हो जाता है।

सहज-मार्ग में अभ्यासी का एक ही गुरु (श्री बाबू जी) है एक ही मिशन है, एवं एक ही लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति का होता है। क्योंकि श्री बाबूजी महाराज सहज सा मार्ग लेकर जो धरती पर अवतरित हुये हैं उसमें उनका केवल यही उद्देश्य है कि मानव मात्र श्रेष्ठतम अवस्था को प्राप्त करते हुये ईश्वर प्राप्ति के लक्ष्य को प्राप्त करे। उनकी पावन प्राणाहुति शक्ति का समन्वय आज दिव्य-युग का सन्देश लाई है। श्री बाबूजी महाराज के कथनानुसार भले ही वे स्वीकार न हों साइलेंसर ही हों, उनके प्रति समर्पण में वह जादू होता है जो अभ्यास में दिव्य अन्त निखार के रूप में सिर पर चढ़कर बोलता है। उनके प्रति समर्पण के अभ्यास के द्वारा हृदय में उन सूक्ष्मदशाओं का प्रादुर्भाव सहज हो होता जाता है जो दिव्य-लक्ष्य-प्राप्ति की दिशा में प्रेरक और आवश्यक है। ईश्वर को पाने के लिये हृदय में ईश्वरीय प्रकाश का आवाहन कर उसमें डूबे रहने के अभ्यास से भौतिक अँधकार दूर हो जाता है। हृदय में प्रेम की विह्वलता विस्तार पाने लगती है। विह्वलता की तपिश भौतिक तत्वों को जलाकर राख कर देती है। तब अभ्यासी के अन्तर में प्रीतम की पावन एवं प्रिय उपस्थिति की सतत् अनुभूति मिलने लगती है। कबीर का कथन "सद्गुरु धारा निर्मल धारा, वामें काया खोई रे..............तब ही वैसा होई रे" अभ्यासी के अन्तर में प्रत्यक्ष हो उठती है। क्रमश: वही सहज सुखद अनुभूति भी सहजता को प्राप्त होने लगती है। अभ्यासी को निरन्तर में प्रतीत होता है कि उसका हृदय विशुद्ध शीशा है जिसमें मुस्कराता मालिक उसे अपने में समेट लेने के लिये आकर्षित कर रहा है। उसे समक्ष पाकर अधीर हुआ अभ्यासी, हृदय रुपी आइने में बैठे हुये मालिक (सद्गुरु) में लय रहने के का सूक्ष्मरूप पीने लगता है। परिणाम स्वरूप उसका सूक्ष्मरूप पिघल कर Reality में मिलना प्रारम्भ हो जाती है। क्रमश: इसकी गंध अभ्यासी के कारण स्वरूप को मिलना प्रारम्भ हो जाती है। तब अभ्यासी को ऐसा अनुभव में प्रत्यक्ष उतरने लगता है कि "वजह और दशा जो side by side चलते हैं एक दिन आता है कि दशा वजह में समाने लगती है"। इस प्रकार हमारे होने के कारण-रूप पिघलना प्रारम्भ हो जाता है और हृदय में बैठे सद्गुरू में लय होने लगता है। अभ्यासी को यही प्रतीत होता है कि दशा अब वजह में समाने लगी है और समाती जा रही है। अनुभूति की अवस्था तक तो अभ्यासी को परमानन्द की अनुभूति मिलती जाती है किन्तु जब रसानुभूति भी मालिक में ही समा जाना चाहती है तो उस दशा का वर्णन करने के लिये शब्द नहीं मिलते हैं। न तो वाणी का माध्यक होता है न अनुभूति का रस होता है। तब तो 'वह' कहता है और हम सुनते हैं। वह भी इस तरह से कि शरीर अलग किन्तु प्राण एक ही प्रतीत होते है। अभ्यासी का अभ्यास सिद्ध हो जाता है देने-पालने का माध्यम (प्रेम) भी देने वाले में ही लय हो जाता है। अभ्यासी गुरुदेव को स्वयं में पाकर निहाल हो जाता है। तभी से उसे दशा के बजाय शक्ति की अनुभूति मिलना प्रारम्भ हो जाती है। यही कारण हैं कि ऐसी दशा को पाया हुआ

अभ्यासी जिधर भी निकल जाता है सब उसकी ओर देखनें को विवश हो जाते हैं। क्योंकि दिव्यता की लहरें समस्त वातारण पर छाये बिना नही रह सकती हैं। मानव मन कैसे भी नस्तिक हो सबके अन्तर उस वातावरण से ईश्वरीय शक्ति को मानने के लिये विवश हो जाते हैं।

श्री बाबूजी महराज के सहज-मार्ग-साधना की सरलता एवं सहजता (Naturality मानव मात्र के लिये अनुपम देन है। मानव को पुन: उसकी सहजगति प्रदान कर देने का उनका अथक प्रयास एवं अद्भुत क्षमता सराहनीय एवं मर्मस्पर्शी है। मानव मन में दिव्य लक्ष्य को प्राप्त करने का सहज उपाय उन्होंने उसके ही ध्यान में डूबे रहने का अभ्यास देकर सहज कर दिया है। पावन प्राणाहुति का प्रवाह देकर अपने प्रेम को देख रेख में पालकर अभ्यासी के अन्तर में साई हुई उस क्षमता एवं होश को जाग्रत कर दिया है जो उसमें उसका ही अंश होने की याद को उभार लाई है। श्रद्धा से झुका हृदय उनके लिये दो शब्द भी नहीं कर पाता है। उनके द्वारा पाई हुई पावन प्राणाहुति शक्ति द्वारा अभ्यासी के हृदय में जो दिव्यता उभरती है वह वास्तव में अवयुक्त होती है। सहजमार्ग साधना द्वारा ध्यान में सतत् डूबे हुए अभ्यासी के तन में स्फूर्ति वाणी में अन्तरदशा की सच्चाई, बन्धुत्व को सहजभावना में ओतप्रोत व्यवहार मन को सहज साम्यवास्था एक अंतर में व्याप्त ईश्वरीय तेज अभ्यासी के माध्यम द्वारा इस बात का प्रमाण दे रही है कि वर्तमान-पुत्रमानब-मात्र के लिये ईश्वर मिलन का स्वर्णिम-युग है।

अभ्यासी
कस्तूरी, चतुर्वेदी



# असहयोग

[श्री खीमसिंह चौहान, उज्जैन मध्य प्रदेश]

कुछ वर्ष पूर्व सहयोग शीर्षक से पत्रिका के लिये एक साधारण लेख लिखा था, तब क्या था कि भविष्य में मेरे जैसे साधारण अभ्यासी से कुछ भूलें तो होगी ही, साथ ही न चाहते हुये भी असहयोग प्रारम्भ होगा। हो सकता है, कभी असहयोग पर लिखने की प्रबल इच्छा रही हो। पूर्व स्थिति एवं आधार जो भी रहे हों, ठीक बसंत पन्चमी ९ फरबरी १९८१ के दिन प्रत्यक्ष रुप से मेरे द्वारा असहयोग प्रारम्भ हुआ, जिसकी कल्पना भी न की थी। असहयोग कैसे तथा क्यों हुआ? इस सम्बन्ध में आत्म निरीरक्षण करने पर पाया कि सब मेरी कमियों के कारण हुआ।

असहनीय असहयोग भोजन के समय हुआ। कैसे हुआ-यह स्वयं मैं नहीं जानता। वसन्त के दिन वर्षा होने के उपरान्त भी भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई थी। इसकी प्रशंसा करने के बजाय मैंने व्यवस्था सम्बन्धी स्वयं सेवक महोदय से तर्क किया जो मेरी ओर से असहयोग तो था ही, साथ ही अशोभनीय भी था। इस कारण मेरी स्थिति तब ऐसी बनी कि काटो तो खून नहीं। आत्म-ग्लानि के मारे बुरा हाल था। पश्चाताप करने से क्या लाभ? ऐसा लगा कि बहुत बड़ा अपराध हो गया है। इस अपराध का आधार एवं कारण जो भी रहे हों, यह प्रत्यक्ष असहयोग था। इसलिये पश्चाताप भी था। पश्चाताप से जब आत्मग्लानि दूर नही हुई, तो मैंने इसकी चर्चा खुले रुप में की। तो मेरे एक साथी ने सुझाव दिया कि प्रार्थना के माध्यम से क्षमा माँगे। सुझाव अच्छा लगा, प्रार्थना क्षमायाचना के लिये की गई थी फिर भी ग्लानि दूर न हुई। पूजा में भी कई बार क्षमा हेतु याचना की गई तो संतोष न मिला। सोचा गया कि परम पूज्य बाबूजी से प्रत्यक्ष मिलकर क्षमा माँगी जाये। पर वे उन दिनों

व्यस्त थे, तथा उनको कष्ट देना उपयुक्त न समझकर उज्जैन लौटने पर असहयोग के लिए दण्ड प्राप्ति हेतु लिखित प्रार्थना की गई जिसे लगभग अक्षरशः- निम्न शब्दों में प्रकट किया जा रहा है। वास्तविकता प्रत्येक अभ्यासी को मालुम होनी चाहिये तथा उपर्युक्त असहयोग से सभी अबगत हों सकें इसी उद्देश्य से यह साधारण सा लख लिखने का प्रयास किया गया है, परम पूज्य बाबूजी को लिखे गये पत्र का अंश निम्नानुसार है,

दिनांक:-१२-२-८१

परम पूज्य बाबूजी,

दण्डवत् प्रणाम।

पत्र देने का विशेष कारण यह है कि बसन्त पन्चमी के दिन मुझसे वहुत बड़ी गलती हो चुकी है, जिसकी मैंने कभो कल्पना भी नहीं की थी। वर्षों के उपरान्त सभी को समय पर भोजन प्राप्त हो चुका था, यह स्वयँ में बहुत बड़ी बात थी, तथा प्रशंसनीय था। परन्तु न जाने मैं किसी एक भाई से व्यवस्था के सम्बन्ध में विवाद कर बैठा। विवाद करने के उपरान्त ही मुझे वहुत बड़ा आघात लगा, कि जैसे मैंने बहुत बड़ा अपराध कर डाला हो। मैं मौन रहा, उन्होंने मेरे चुप रहने पर यह कहा कि समय की कमी के कारण व्यवस्था में कमी रह गई है। उसके बाद मैंने अधिकाँश परिचित जनों को अपने अपराध के बारे में बताया, आत्मग्लानि से मेरा बुरा हाल था। मेरे एक साथी नेक्षमायाचना हेतु सुझाव दिया। प्रार्थना तथा पूजा के माध्यम से, बाबूजी, मैं कई बार क्षमा माँग चुका हूँ। फिर भी आत्मग्लानि दूर नहीं हुई इसका स्पष्ट अर्थ है कि अपराध बड़ा है। बाबूजी' अपराधी को निश्चित ही दण्ड मिलना चाहिये। सहयोग के बजाय तर्क यह मेरी राय एवँ दृष्टि से भी सर्वदा अनुचित है। बाबूजी, जब तक दण्ड प्राप्त न कर लूँगा तब तक इस आत्मग्लानि से निश्चित ही परेशान रहूँगा, अतः दण्ड प्राप्ति हेतु मैं, विनम्र प्रार्थी हूँ।

अज्ञानी एवं निकृष्ट सेवक
खीमसिंह चौहान



उपर्युक्त पत्र का उत्तर समय पर मिला जो निम्नानुसार है,

No-844 March 4, 981

Dear brother,

Received your letter deted 12-2-1981 your letter has been read to Rev. Master.

With blessings from Rev. Master.
Yours affectionately
[J. R. K. Raijada]
Seeretary to the President

SHRI RAM CHANDRA MISSSON SHAHJAHANPUR [U.P.]

शाहजहाँपुर से पत्र प्राप्त होने के पूर्व ही पूजा में बैठकर अनुभव हुआ कि, "श्री बाबूजी अपराधी को दण्ड देने के बदले इनाम देते हैं" आँखे भर आई थीं.

पूज्य बाबूजी के बारे में अधिक लिखना इस अकिंचन के वश का नहीं है, उपर्युक्त रेखाँकित वाक्य पर्याप्त है। धन्य हैं सहज मार्ग के समस्त अभ्यासी जिन्हें उच्चतम कोटि के सर्वोत्तम मार्गदर्शक हैं।

In the service of the Divine Master

**M/s. ADARSH AGENCIES**

PVT. Ltd.

Regd. Offi. 51,Greenways Road, Kesevaperumalpuram

MADRAS–600028 Ph.–77060

Distributors for:–

J,B. Mangharam Biscuits, Lijjat Appalam & Papad, Coco Tea & Instea, Alvitone, Geanut & Peanut Candy, Dewkiss Perfumes & Powder, Ultramarine Blue Ship Brand.

2–T.T. Investments & Traders (P) Ltd.

3–Asha Dyes & Chemicals

4–Eskay Chemicals Corporation, Bombay for skay Whit

5–Manufacturer–'Voltaid' Brand Automatic Voltage Stabilisers.

6–Mohini Mixers cum grinders.

7-K. Patel Pharma (P) Ltd. for Mytheline Blue & Rhodamine.

8–Preferred Dealer for Atul Dyes.

9–M/s. Jain Chemicals, Davangere.

# प्रार्थना

(कु० सन्तोष सक्सेना, शाहजहाँपुर)

तुम्हीं हो नाथ अव मेरे, बताएँ ये तुम्हें कैसे ।
तुम्हीं गुरु मात–पित मेरे, तुम्ही अव इष्ट मेरे हो ।।१।।

तुम्हारे विन न कोई है, वताएँ ये तुम्हे कैसे ।।
तुम्हीं नैनों में हो मेरे, तुम्हीं श्वासो में हो मेरे
तुम्ही मुझमें समाये हो, वताये ये तुम्हें कैसे ।।२।।

तुम आये हो प्रभु, हमको जगत से अब छुड़ाने को
पहुँचाओगे तुम्हीं घर पर, वताएँ ये तुम्हे कैसे ।।३।।

दिखाया है सहज मारग, दिया प्राणाहुति साधन
तुम्हीं रहवर हमारे हो, वताएँ ये तुम्हे कैसे ।।४।।

न चाहिए नाथ अव कुछ भी, तुम्हे पाऊँ मैं अब
तुम्हीं सर्वस्व हो मेरे, वताएँ ये तुम्हे कैसे ।।५।।

मैं आ गयी हूँ शरण तेरे, मिटूँ तुममें प्रभु जल्दी
हे सन्तोष तो अब तेरी बताएँ ये तुम्हे कैसे ।।६।।

प्रार्थना तुमसे मेरी है, रहो अव तुम सदा जग में
अब हम तेरे सहारे हैं वताएँ ये तुम्हे कैसे ।।७।।

# "हर हाल में तन मन मगन"

(महेश्वरी दयाल सिंह श्री वास्तव, गोरखपुर)

हर हाल में तन मन मगन वह व्यक्त सच्चा शूर है
जो जिन्दगी के नित्य भय के उर्मियों से दूर है ॥१॥

क्या खेद है जो गिर पड़ा मालिक को यह मन्जूर था
यदि आचरण में ना गिरा शत शूर में भी शूर है ॥२॥

गिर के उठना, उठ के चलना, सूरमावों का तरीक
पर न हटता सत्य पथ से सत्य ही वह शूर है ॥३॥

है आपदा जो आ पड़ी तो क्या हुवा कट जायगी
क्या सतत कल्याण कामी नाथ हमसे दूर है ॥४॥

आपदाओं में निहित है सम्पदाओं का कमाल
ज्यों निशा के गर्भ में पलता दिवा का शूर है ॥५॥

0***+***



न जाने क्यों अब इनकी विशेष जरूरत भी नहीं मालुम पड़ती है। भाई एक अजीब हाल है और उस हालत में ख्याल की भी गुजर नहीं है।

आपकी दीन हीन सर्व साधन विहीना
पुत्री कस्तूरी

लखीमपुर

ता० १८-१-५२

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबू जी

सादर प्रणाम

कृपा पत्र आपका मिल गया–समाचार मालूम हुये। मेरी तो जो कुछ भी हालत है केवल एक मात्र 'मालिक' की ही कृपा का फल है। उसका धन्यवाद जहाँ तक और जितना भी दिया जावे थोड़ा है। मुझमें लय-अवस्था या मोहब्बत है यह मुझे नहीं मालुम 'मालिक' ही जाने। मुझे किसी से मतलब भी क्या, मुझे तो बस 'उसकी चाह है 'वही' चाहिये। मुझे तो यह सब इतना थोड़ा मालुम पड़ता है और वास्तव में है भी कि अब ब्रह्मविद्या की शुरूआत ही लगती है बल्कि उस शुरूआत की याद भी भूल सी गई हूं। मैं तो इतना जानती हूं कि बड़े दिन की छुटि्टयों में एक दिन पूजा में बैठाल कर कहा था कि हालत में कमजोरी आ गई थी सो उसे फिर पूरा कर दिया, उससे मुझे यह लाभ हुआ कि तड़प में जो कमजोरी आ गई थी और जो मेरी कोशिश से भी पूर्ण नहीं हो पाती थी वह आपकी केवल एक निगाह फेंक देने से पूर्ण हो गई। इधर वहाँ से लौटने पर आपने ऊपर उठाने की खुश खबरी दे दी, बहुत बहुत धन्यवाद है। 'मालिक' की कृपा से जो कुछ भी 'आत्मिक दशा' समझ में आई सो लिख रही हूँ।

अब तो कुछ ऐसा मालूम पड़ता है कि बजाय अपने अंदर के जो कुछ भी पूजा या ध्यान होता है सब 'मालिक' के अन्दर ही होता है और करने वाला और पूजा क्या है यह 'मालिक' ही जाने क्यों कि सब 'मालिक' के ख्याल के भीतर होता है। अब तो 'ईश्वर अंश जीव अविनाशी' वाली हालत का नज्जारा दिखलाई देता है। यद्यपि यह सब है

वास्तविक ईश्वर-प्राप्ति की हालत, यही समझ में आता है। न जाने क्या बात है श्री बाबूजी ऐसी हालत है कि कभी कभी यहाँ की श्वांस भी अपने को बहुत भारी और कुछ बुरी प्रतीत होती है। कुछ यह हाल है कि जैसा मैंने ऊपर लिखा है कि जो भी पूजा होती है सब 'मालिक' के ख्याल के भीतर होती है परन्तु अब तो ऐसा मालुम पड़ता हैं वह ख्याल भी कहीं लय हुआ जा रहा है। पूज्य बाबूजी मुझे तीन दिन से यानी ता० १६ के सवेरे से बस ऐसा लगता है कि अपने 'मालिक' के संग मैं कहीं उड़ी चली जा रही हूँ परन्तु कुछ ऐसा है कि शक्ल महसूस नहीं होती बल्कि उसे सुख कहूँ तो ठीक होगा। पूज्य श्री बाबूजी हम सब तो उत्सव के लिए वैसे ही दौड़े आते आपके खास बुलाने की आवश्यकता न थी खैर आप की मेहरवानी तो अनुपम और अद्वितीय है।

आपकी दीन हीन, सर्व साधन विहीन

पुत्री कस्तूरी

लखीमपुर

ता० ७-२-५२

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबूजी

सादर प्रणाम

'मालिक की कृपा से हम लोग बड़े आराम से यहां पहुँच गये। हम लोगों के ये आठ दिन कितने अच्छे जाते हैं; यहाँ आकर तीन चार दिन बहुत feel होता है। अब 'मालिक' की कृपा से जो कुछ भी आत्मिक दशा समझ में आई है सो लिख रही हूँ। अब तो ऐसा लगता हैं कि दूसरी हवा में आ गई हूँ न जाने क्या बात है कि शक्ल 'मालिक' की कतई ख्याल में आती ही नहीं: परन्तु यह जरूर हो गया है कि उसकी शक्ल कुछ धुंधली परछांही के समान ही रह गई है। मेरा तो अब कुछ यह हाल हो गया है कि ध्यान को यदि ध्यान से खाली कहूँ तो ठीक होगा। बड़ी भीनी भीनी दशा लगती है और कुछ यह है कि जैसे पहले आपने एक बार लिखा था कि अब Spirituality का अ, आ, शुरू हुआ है यही लगता है। अब

तो आध्यात्मिकता भी खत्म हुई लगती है क्योंकि मैं देखती हूं कि मैं उसको इतना भूल चुकी हूँ कि वह मेरे दिमाग में ही नहीं आती। उसकी मुझे बिल्कुल तमीज ही नहीं रह गई है। आध्यात्मिकता होता क्या चीज है' उसके क्या अर्थ हैं; इसका उत्तर बस मेरे पास इतना ही रह गया है कि भाई, 'मालिक' जाने क्योंकि कृपा करके 'उसने' मुझे इस अध्तात्मिकता की तमीज के बंधन से भी free कर दिया है। अब तो कुछ यह हाल होता जा रहा है कि आनन्द, आनन्द के इस से खाली होता जान पड़ता है और यही हाल शान्ति का भी हो गया है। शान्ति की भी शान्ति हो गई प्रतीत होती है।

पूज्य बाबूजी न जाने क्यों मैं जी भरकर 'मालिक' की भक्ति नहीं कर पाती। जितना चाहिये उतना प्रेम 'उसमे' नहीं कर पाती कोशिश तो अवश्य चालू किये रहूँगी और 'मालिक' कभी न कभी मुझे कामयाब करेगा अवश्य, इसमें शक नही परन्तु मेरी यह शिकायत है अवश्य। मेरी तो 'मालिक' से यही प्रार्थना है कि रोज ब रोज उन्नति बढ़ती ही जावे। पूर्णतय: से 'वह' मुझे मिल जावे बस यही इच्छा है।

आपकी दीन हीन सर्व साधन विहीना

पुत्री कस्तूरी